मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-367
29/10/2024

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुयी फसल क्षति के लिये कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत 1 लाख 52 हजार प्रभावित किसानों को 101 करोड़ रूपये की राशि का ऑनलाइन बैंक खातों में किया अंतरण

पटना, 29 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित 1 लाख 52 हजार किसानों को डी0बी0टी0 (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के द्वारा सीधे उनके खाते में कुल 101 करोड़ रूपये की राशि का माऊस क्लिक कर अंतरण किया। वर्ष 2024 में सितम्बर माह में हुयी वर्षापात एवं गंगा, कोशी, गंडक, बागमती तथा अन्य नदियों के जलस्तर में हुयी वृद्धि के फलस्वरूप आयी बाढ़ के कारण हुयी फसल क्षति का प्रतिविदेन सभी प्रभावित जिलों से प्राप्त करने के उपरांत कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। आज के कार्यक्रम में यह राशि प्रथम चरण के लिये वितरित की गयी है। अन्य प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर बाकी प्रभावित किसानों को भी राशि जल्द ही वितरित की जायेगी।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि गंगा एवं अन्य नदियों में जलस्तर बढ़ने के फलस्वरूप प्रथम चरण में आयी बाढ़ से 16 जिले के 66 प्रखण्ड और 580 पंचायत का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ। अत्याधिक वर्षापात एवं कोशी, गंडक एवं बागमती सहित अन्य नदियों के जलस्तर के बढ़ने के फलस्वरूप दूसरे चरण में आयी बाढ़ के कारण 16 जिले के 69 प्रखण्ड और 580 पंचायतों का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ। प्रभावित प्रति किसान को सिंचित क्षेत्र के लिये 17 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर, असिंचित क्षेत्र के लिये 8500 रूपये प्रति हेक्टेयर तथा शाश्वत फसल के लिये 22 हजार 500 रूपये प्रति हेक्टेयर का कृषि इनपुट अनुदान दिया जा रहा है। प्रति किसान अधिकतक दो हेक्टेयर के लिये अनुदान दिया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राज्य सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराती है। हमलोग आपदा पीड़ितों की सहायता के लिये लगातार तत्पर रहते हैं। आज प्रथम चरण में आयी बाढ़ से प्रभावित किसानों के खाते में राशि अंतरित की गयी है। शेष प्रभावित किसानों के खाते में राशि यथाशीघ्र अंतरित करायें।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री श्री मंगल पाण्डे, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 उदय कांत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कृषि विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य

पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, कृषि विभाग के विशेष सचिव श्री वीरेन्द्र प्रसाद यादव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******